सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 262 इंदौर, गुरुवार 04 अप्रैल, 2024 पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए





# 13 हजार जगहों तीसरी आंख से रहेगी नजर

## जनता के सहयोग से होगा 50 हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरें लगाने का काम

@ DGR विशेष

इंदौर। लगातार स्वच्छता में नंबर वन इंदौर में अब जहां ट्राफिक में नंबर बनने के प्रयास किए जा रहे हैं और इसके लिए सभी वाहन चालक भी अपना सहयोग कर रहे है तो वहीं क्राइम फ्री सिटी बनाने की दिशा में भी कदम आगे बढ़ाते हुए मां अहिल्या की यह नगरी इंदौर सुरक्षा में भी नंबर वन बनेगा। शहर में 13 हजार स्थानों पर 50 हजार से अधिक सीसीटीवी कैमरे यानि तीसरी आंख लगाई जाएगी। ये कैमरे 15 हजार स्क्वेयर फीट से अधिक के कर्मशियल भवनों और गेट वाली कालोनियों पर लगेंगे। शासन से अनुमति मिलने के बाद जिला प्रशासन ने प्रक्रिया शुरू कर दी है। इंदौर पहला ऐसा शहर होगा, जहां पर जनता के सहयोग से इतने बढ़े पैमाने पर सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम होगा।

### विभिन्न क्षेत्रों पर रहेगी पैनी नजर

सीसीटीवी कम्युनिटि पालिसी को लेकर कलेक्टर आशीष सिंह की अध्यक्षता में गत दिनों एक बैठक हुई। इसमें सुरक्षा की दृष्टि से शहर में 50 हजार से अधिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने को लेकर चर्चा हुई। इससे विभिन्न क्षेत्रों पर पैनी नजर रखी जा सकेगी।

### चोरी, लूट, डकैती जैसी घटनाओं पर लगेगा विराम

अलग-अलग स्थानों पर लगे कैमरों को एक साथ कनेक्ट किया जाएगा। इसके लिए इंटरनेट प्रोवाइडरों से कैमरों का एक्सिस लिया जाएगा। इसकी मदद से कंट्रोल रूम में बैठे हुए लाइव नजर रखी जा सकेगी। चोरी, लूट, अपहरण, डकैती जैसी घटनाओं पर विराम लगाया जा सकेगा, वहीं अपराधी को कैमरों की सहायता से नाकाबंदी कर पकड़ा जा सकेगा।

### 5 साल पुरानी योजना को आगे बढ़ा रहे

करीब पांच साल पहले स्मार्ट सिटी योजना के तहत एकीकृत निगरानी योजना बनी थी। इसका प्रस्ताव शासन को भेजा गया था। इसमें शहर में 50 हजार सीसीटीवी कैमरे लगाने की प्लानिंग बनाई गई थी। इस प्रस्ताव को बाद में आगे नहीं बढ़ाया जा सका। अब एक बार फिर से इस योजना को शासन की अनुमति मिलने के बाद आगे बढ़ाया जा रहा है।

### क्राइम कंट्रोल में मिलेगी मदद

इन सीसीटीवी कैमरों की सहायता से क्राइम कंट्रोल में मदद मिलेगी. इससे चोरी, लूट, अपहरण, डकैती जैसी घटनाओं पर विराम लगाया जा सकेगा, वहीं अपराधी को कैमरों की सहायता से नाकाबंदी कर पकड़ा जा सकेगा। साथ ही इससे विभिन्न क्षेत्रों पर पैनी नजर रखी जा सकेगी।

### लाइव नजर रखी जा सकेगी

अलग-अलग स्थानों पर लगे कैमरों को एक साथ कनेक्ट किया जाएगा.इसके लिए इंटरनेट प्रोवाइडरों से कैमरों का एक्विस लिया जाएगा। इसकी मदद से कंट्रोल रुम में बैठे हुए लाइव नजर रखी जा सकेगी।

### 13 हजार स्थानों का चयन

कलेक्टर आशीषसिंह ने बताया कि सीसीटीवी कम्युनिटी पालिसी योजना के तहत शहर में 50 हजार से अधिक कैमरे लगाए जाना हैं। इसके लिए 13 हजार स्थानों का चयन किया गया है। इंदौर पहला ऐसा शहर होगा, जहां जनता के सहयोग से इतनी बढ़ी संख्या में कैमरे लगाए जाएंगे।

### नगर निगम लगाएगा कैमरे

कलेक्टर श्री सिंह के मुताबिक नगर निगम के द्वारा कैमरे लगाने का कार्य किया जाएगा। शहर में स्थान चयन के बाद नगर निगम को इसकी सूची उपलब्ध करा दी गई है। जल्दी ही यह काम भी शुरू कर दिया जाएगा।

# शाहपुर क्षेत्र में तेंदुए का आतंक

## पशुओं को निशाना बनाने के बाद ग्रामीण पर हमला



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**बुरहानपुर**। शाहपुर क्षेत्र के ग्राम बंभाड़ा में वन्य प्राणी तेंदुए के कारण ग्रामीण दहशत में हैं। तेंदुआ पिछले कुछ दिनों से यहां बार-बार नजर आ रहा है। 3 पशुओं को हमले का शिकार बना चुका है, तो वहीं अब उसकी चपेट में एक ग्रामीण आ गया। ग्रामीण को घायल होने पर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। ग्राम बंभाड़ा में नत्थू नामदेव खेत में मजदूरी करने जा रहे थे। उनके साथ में पालतू कुत्ता भी था। वह गांव से कुछ दूर ही पहुंचे थे कि उनके ऊपर अज्ञात वन्य प्राणी ने हमला कर दिया। ग्रामीण उसे तेंदुआ बता रहे हैं। गनीमत रही कि नत्थू नामदेव के हाथ में कुदाली थी। जिससे उसने अपना बचाव किया लेकिन वन्य प्राणी कुत्ते को जबड़े में दबाकर भाग निकला। ग्रामीण को मामूली चोंटें आई।

### 4-5 दिनों से हो रहे हमले

क्षेत्र में चार पांच दिनों से वन्य प्राणी के हमले हो रहे हैं। तेंदुआ कुछ गायों और बछड़ों को अपना शिकार बना चुका है। इससे गांव में दहशत का माहौल है। लोग रात में भी कहीं जाने आने से बच रहे हैं। वहीं एक दिन पहले वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची थी। पंचनामा बनाने के बाद टीम ने ग्रामीणों से अपील की थी कि वह अकेले कहीं न हीं जाएं। अब वन विभाग यहां पिंजरा लगाने की भी तैयारी कर रहा है।

# हरदा में दो लोगों की हत्या

## एक का सुनसान इलाके में मिला शव, दूसरे ने अस्पताल में तोड़ा दम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**हरदा**। हरदा में दो लोगों की हत्या कर दी गई। इनमें से एक का शव खाली प्लॉट पर मिला है। वहीं एक अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घटना बुधवार सुबह 4 से 5 बजे के बजे की है। दोनों मृतकों की बॉडी पर मारपीट के निशान मिले है। पुलिस का मानना है कि दोनों युवकों पर डंडों से वार किए गए है।

घटना की सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर हत्या के कारणों की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक तौर पर पुलिस को 3 से 4 लोगों के द्वारा हत्या करने की बात का पता चला है। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी सहित आसपास रहने वाले लोगों से पूछताछ कर रही है। वहीं एफएसएल की टीम भी घटनास्थल पर जानकारी जुटा रही है। मौके पर पहुंचकर एएसपी आरडी प्रजापति सहित सिटी कोतवाली पुलिस आरोपियों की तलाश कर रहे हैं।

### घायल को अस्पताल कौन लाया जांच का विषय

घटना के दौरान एक युवक शैतान सिंह का शव तो मौके पर ही मिला, जबकि दूसरे युवक सईद को किसी व्यक्ति ने गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान सुबह साढ़े आठ बजे के आसपास उसकी मौत हो गई। अस्पताल प्रबंधन ने इसकी जानकारी पुलिस को दी। वहीं खाली प्लॉट में मिले शव को देखकर आसपास के लोगों ने इसके बारे में पुलिस को बताया। जानकारी के मुताबिक रन्हाई के किसान याहया खान के फार्म हाउस पर बीते 12 सालों से काम करने वाले शैतानसिंह (48) का शव बंगाली कॉलोनी के सामने रन्हाई रोड पर मिला। मृतक के शरीर पर लकड़ी से पीटने और कई चोट के निशान दिखाई दे रहे हैं। मृतक की पत्नी का कहना है कि उसका पति सुबह-सुबह घर से निकला था और कुछ देर बाद उसका शव मिला है। शैतान सिंह के दो बेटे हैं।

जेपी नड्डा बोले-

# रैली-जुलूस से कुछ नहीं होगा जमीनी स्तर पर काम करें

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बुधवार को इंदौर में मालवा निमाड़ की पांच लोकसभा सीटों की समीक्षा की। उन्होंने चुनाव प्रभारियों से सीधे संवाद किया और अब तक हुई तैयारियों से जुड़े सवाल पूछे। डेढ़ घंटे चली बैठक के दौरान नड्डा ने पदाधिकारियों से कहा कि चुनाव को लेकर मुगालता न पाले, उसे गंभीरता से ले और जमीनी स्तर पर काम करें। रैली-जुलूसों से कुछ नहीं होगा। लोगों से सीधा संपर्क करें, उनकी समस्याएं जाने और हल करने की कोशिश करे।**




नड्डा ने कहा कि सरकारी योजनाओं को कितना लाभ मिला है। संपर्क अभियान के दौरान लोगों से इसका फीडबैक ले। उन्हें यह भी बताए कि राष्ट्रवाद को लेकर कौन सा दल समर्पित है।

दो घंटा देरी से शुरू हुई इंदौर क्लस्टर की बैठक में नड्डा ने धार, झाबुआ, इंदौर, खरगोन और खंडवा के भाजपा उम्मीदवार, चुनाव प्रभारी, मंत्रियों से कहा कि मैं भाषण देना नहीं चाहता। आप से संवाद करना है। इसके बाद उन्होंने प्रभारियों से पूछा कि लोकसभा चुनाव के लिए कितनी बैठकें हो चुकी है और क्या कार्ययोजना तैयार की गई है। है। उन्होंने यह भी पूछा कि लोकसभा क्षेत्रों में कितने चुनाव कार्यालय खुल चुके है और विधानसभा स्तर पर कितनी बैठकें हो चुकी है।

उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव में जिन बूथों पर हम कमजोर रहे है। उसका चिंतन होना चाहिए और कमियों को दूर करे। प्रत्याशियों से उन्होंने कहा कि बूथ को मजबूत करने पर फोकस रखे। हमारा बूथ मजबूत होगा। तभी 400 सीटों का लक्ष्य हासिल कर सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में एक भी सीट हमें नहीं गंवाना है। पूरी 29 सीटों पर इस बार जीत हासिल होना चाहिए।

## बूथ पर 15-16 घंटे समय दे

नड्डा ने बैठक में कहा कि इस बार के चुनाव में प्रतिद्वंदी दल नजर नहीं आ रहा है। जनता भी कर रही है कि मोदी लहर है, लेकिन कार्यकर्ता अतिआत्म विश्वास में न रहे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18 घंटे काम करते है। सवा माह तक हम अपने बूथों पर 15-16 घंटे काम कर लेंगे तो वोट बढ़ाने के लिए तय लक्ष्य को हम पा लेंगे।

## मुरैना के पदाधिकारियों को भी बुलाया

कलस्टर बैठक के बाद नड्डा ने द कमरा बैठक की। इसमें मुख्यमंत्री मोहन यादव, संगठन मंत्री हितानंद, डिप्टी सीएम जगदीश देवड़ा, मंत्री कैलाश विजयवर्गीय सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हुए। बाद में अलग से मुरैना के पदाधिकारियों को भी बैठक में बुलाया गया और उनसे चर्चा की। बैठक समाप्त होने के बाद नड्डा मुख्यमंत्री मोहन यादव के साथ एयरपोर्ट के लिए रवाना हुए। वहां से वे फिर दिल्ली गए।

# मल्टीपल मायलोमा के लिए बोन मैरो ट्रांसप्लांट एक प्रभावी उपचार : डॉ. भार्गव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। मार्च मल्टीपल मायलोमा जागरूकता माह है विशेषज्ञों का मानना है कि बीमारी के बारे में जागरूकता और समय पर इलाज से मल्टीपल मायलोमा के प्रभावी उपचार में मदद मिलेगी मायलोमा एक प्रकार का ब्लड कैंसर है जो बोन मैरो हड्डियों के अंदर पाए जाने वाले स्पंजी ऊतक में शुरू होता है।**

डॉ. राहुल भार्गव, निदेशक, क्लिनिकल हेमेटोलॉजी और बोन मैरो ट्रांसप्लांट विभाग, फोर्टिस हॉस्पिटल गुरुग्राम कहते हैं मायलोमा, जिसे मल्टीपल मायलोमा भी कहा जाता है, प्लाज्मा कोशिकाओं का एक कैंसर है, जो विभिन्न जटिलताओं के बावजूद, अभी भी ठीक हो सकता है। इन उपचार विधियों के कारण लोग लंबे समय तक जीवित रहे हैं और संभवतरू 2030 का सूर्योदय देखने को मिलेगा, जिसमें मल्टीपल मायलोमा से पीड़ित सभी रोगियों के लिए इलाज हो सकता है।

डॉ. राहुल भार्गव ने आगे कहा ऑटोलॉगस बीएमटी प्रक्रिया में रोगी से स्वस्थ स्टेम कोशिकाओं को बाहर निकाला जाता है और संरक्षित किया जाता है। फिर शरीर की प्रतिरक्षा को बहाल करने के लिए कीमोथेरेपी दी जाती है और फिर व्यक्ति को कीमोथेरेपी के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए स्टेम कोशिकाओं को वापस इंजेक्ट किया जाता है। सर्जरी के बाद, मरीज को कुछ महीनों के लिए अलग रखा जाता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि उसे कोई संक्रमण न हो। उपचार के तरीकों में प्रगति के साथ, अब मल्टीपल मायलोमा का प्रभावी ढंग से इलाज किया जा सकता है। मल्टीपल मायलोमा के लिए बोन मैरो ट्रांसप्लांट प्रभावी उपचारों में से एक है। उपचार के दौरान बोन मैरो ट्रांसप्लांट के साथ संयुक्त कीमोथेरेपी मायलोमा वाले लोगों के लिए एक मानक चिकित्सा है।

# इंदौर पहुंचे भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा

## इंदौर क्लस्टर की बैठक में हुए शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा शाम साढ़े पांच बजे इंदौर पहुंचे। इंदौर एयरपोर्ट पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय और तुलसी सिलावट सहित भाजपा के कई नेताओं ने स्वागत किया। नड्?डा यहां ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में क्लस्टर (इंदौर, धार, खंडवा, खरगौन और रतलाम) की बैठक शामिल हुए। इससे पहले नड्डा सुबह जबलपुर से इंदौर और फिर उज्जैन पहुंचे थे। नड्डा के साथ मुख्यमंत्री सीएम यादव भी साथ रहे। उज्जैन के हेलीपेड पर आने के बाद यहां से सीधे महाकाल मंदिर दर्शन करने के लिए पहुंचे।?? नड्डा ने पत्नी और बेटे सहित दर्शन किए । सभी ने महाकाल के गर्भगृह मे पहुंच कर भगवान महाकाल का पूजन अभिषेक कर आशीर्वाद लिया। करीब आधा घंटे मंदिर रहकर वह राजस्थान के झालावाड़ के लिए रवाना हो गए है। दोपहर बाद झालावाड़ से इंदौर के लिए रवाना होने का कार्यक्रम था।

# संस्था उम्मीद को एक लाख का आर्थिक सहयोग

**इंदौर**। कैंसर पीड़ित समाज के लिए सेवा कार्य कर रही संस्था उम्मीद को अखिल भारतीय श्री जैन मूर्ति पूजक संघ ने एक लाख रुपये का आर्थिक सहयोग प्रदान किया। संघ ने यह आयोजन जैन समाज के प्रथम तीर्थकर भगवान आदिनाथ के जन्म कल्याणक महोत्सव के अवसर पर किया। रॉबर्ट नर्सिंग होम स्थित डे केयर कीमोथेरेपी सेंटर मे आयोजित समारोह मे संघ ने डॉ गौरव खंडेलवाल, योगेंद्र सांड और पारस कटारिया को एक लाख रुपये का चेक प्रदान किया। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष अमित श्रीमाल,निलेश सकलेचा,शैलेंद्र नाहर, विजयराज भंसाली, मनीष देशलहरा व नरेंद्र भटेवरा विशेष रूप से उपस्थित थे।

# मुंबई, दिल्ली में साइबर सिक्योरिटी के गुर सीखेंगे बिजली अधिकारी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के तीन अधिकारी मुंबई और नई दिल्ली में साइबर सिक्योरिटी की उच्च स्तरीय ट्रेनिंग प्राप्त करेंगे। इस ट्रेनिंग में साइबर अटैक से बचाव के तरीके भी प्रमुख रूप से बताए जाएंगे।**

मुख्य महाप्रबंधक रिंकेश कुमार वैश्य ने बताया कि प्रबंध निदेशक अमित तोमर के आदेशानुसार साइबर सुरक्षा और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रीय कर न केवल स्थानीय स्तर पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है, बल्कि राष्ट्रीय स्तर के ट्रेनिंग सत्र में भी कंपनी कार्मिकों को भेजकर उच्च दर्जे पर प्रशिक्षित किया जा रहा हैं। इसी क्रम में कंपनी के दो अधिकारी आशीष तिवारी और आदित्य प्रताप सिंह ठाकुर नवी मुंबई के पास महोपाड़ा में 5 से 14 अप्रैल तक ट्रेनिंग लेंगे। यहां नेशनल टेक्निकल रिसर्च आगेर्नाइजेशन से संबद्ध संस्था साइबर सिक्योरिटी ट्रेनिंग सह ऑपरेशनल एक्सरसाइज कार्यक्रम का दस दिनी आयोजन कर रही है। मुख्य महाप्रबंधक के अनुसार कंपनी के उपमहाप्रबंधक सूचना प्रौद्योगिकी और साइबर सिक्योरिटी विंग प्रभारी गौतम कोचर भी नई दिल्ली के मानेकशा सेंटर में 13-14 अप्रैल को साइबर सिक्योरिटी को लेकर स्ट्रेटेजिक एक्सरसाइज पर ट्रेनिंग लेंगे। मुख्य महाप्रबंधक ने बताया कि कंपनी का उद्देश्य सूचना प्रौद्योगिकी के बेहतर उपयोग के साथ ही साइबर सिक्योरिटी पुख्ता करना एवं उपभोक्ताओं को निर्बाध और समय पर सेवाएं उपलब्ध कराना हैं।

# अस्थाई परमिट जारी नहीं किए, 400 से अधिक बसों का संचालन बंद

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। खरगोन के एक वरिष्ठ मोटर मालिक कमला देवी गौर द्वारा प्रस्तुत याचिका क्रमांक 2347./2024 इंदौर उच्च न्यायालय में याचिका दायर की गई है। माननीय उच्च न्यायालय ने याचिका कि गंभीरता को समझते हुए नवीन परमिट आवेदन पर रोक लगाई है परन्तु आदेश का अवलोकन कर क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी इंदौर संभाग इंदौर द्वारा लंबे समय से संचालित हो रहे अस्थाई परमिट (जिनकी सुनवाई पूर्व में हो चुकी थी) तथा जिसको नवीन आवेदन परमिट का आदेश मानकर अस्थाई परमिट जारी नहीं किये जा रहे हैं इस कारण इंदौर संभाग के आठ जिलों में संचालित लगभग 400 से अधिक बसों का संचालन बंद होने से खंडवा, खरगोन, सेंधवा, बड़वानी,बुरहानपुर, मंडलेश्वर, सनावद, मनावर, भीकन गांव, अलीराजपुर, झाबुआ, कुक्षी, ओंकारेश्वर, उज्जैन सहित छोटे मार्गों की बसें पूर्णता शून्य हो गई है।

इसमें गौरतलब बात यह है कि न्यायालय की दुहाई देकर नए परमिट नहीं देने वाले आरटीओ साहब द्वारा इंदौर शहर के मध्य एवं 25 किलोमीटर के दायरे में चलने वाले वाहनों को नये अस्थाई परमिट दिये जा रहें है । प्राइम रुट बस आनर्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष पंडित गोविंद शर्मा एवं प्रदेश महामंत्री सुशील अरोरा ने बताया की यदि जब उच्च न्यायालय इंदौर ने अस्थाई परमिट पर रोक लगाई है तो अंर्तशहरीय मार्ग पर संचालित यात्री वाहनों को नये परमिट कौन नियम से दिए जा रहे हैं । ऐसोसिएशन के अध्यक्ष पंडित गोविंद शर्मा ने इंटरविनर बन कर अपनी बातों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया कि अस्थाई परमिट कि सुनवाई कि प्रक्रिया एक बार हो चुकी है फिर अस्थाई परमिटो के आवेदनों पर परमिट जारी नहीं करने से आम नागरिकों को परेशानी हो रही है । समयावधि में सुनवाई नहीं होने के कारण आगामी दिनों बाद में सुनवाई होगी ।

# जिला न्यायालय परिसर में 5 अप्रैल को स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। इन्दौर जिले के जिला न्यायालय परिसर में स्थित डिस्पेंसरी में 05 अप्रैल को विशेष प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष बी.पी. शर्मा के मार्गदर्शन में शासकीय अष्टांग आयुर्वेदिक महाविद्यालय इन्दौर तथा सचिव बैनीदेवी बैजनाथ मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी इन्दौर के समन्यवय से शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं जिला न्यायाधीश आसिफ अहमद अब्बासी द्वारा बताया गया कि उक्त स्वास्थ्य परीक्षण शिविर 05 अप्रैल 2024 को सुबह 10:30 बजे प्रारंभ होगा। जिसमें जिले में पदस्थ समस्त न्यायाधीशगण, अभिभाषक एवं न्यायिक कर्मचारीगण के प्राथमिक स्वास्थ्य का परीक्षण किया जाएगा एवं निःशुल्क दवा का वितरण भी किया जाएगा। अब्बासी ने अपील की है कि समस्त न्यायाधीशगण, अधिवक्तागण एवं न्यायिक कर्मचारीगण उक्त शिविर में अपने स्वास्थ्य की जाँच कराकर शिविर का लाभ प्राप्त करें।





# एक्सीडेंट के विरोध में एबीवीपी का प्रदर्शन

## महापौर भार्गव के सामने रखी मांग, सौंपा ज्ञापन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद इंदौर महानगर द्वारा DAVV तक्षशिला परिसर के बाहर लगातार हो रही सड़क दुर्घटना के विरोध में बुधवार को चक्काजाम कर प्रदर्शन किया। नगर निगम महापौर और कुलपति के नाम ज्ञापन सौंपा। महानगर मंत्री सार्थक जैन ने बताया कि विश्वविद्यालय के बाहर स्पीड ब्रेकर नहीं होने के कारण स्टूडेंट्स को सड़क दुर्घटना का सामना करना पड़ रहा है। AICTSL सार्वजनिक परिवहन बस चालक द्वारा तेज गति से बस चलाने के कारण 3 स्टूडेंट गंभीर रूप से घायल हो गए। विद्यार्थी परिषद यह मांग करती है की डीएवीवी तक्षशिला परिसर के गेट के सामने जल्द से जल्द स्पीड ब्रेकर बनाए जाए जिससे विद्यार्थियों को सड़क दुर्घटना का शिकार ना होना पड़े। विरोध प्रदर्शन और ज्ञापन के बाद महापौर पुष्यमित्र भार्गव और विश्वविद्यालय कुलपति ने आश्वासन दिया कि स्पीड ब्रेकर का निर्माण कर दिया जाएगा। बस चालक द्वारा तेज गति से बस चलाने पर कार्यवाही की जाएगी।

# भगवान आदिनाथजी की निकाली शोभायात्रा

**इंदौर।** परम पूज्य अंतमुर्खी मुनि 108 पूज्य सागर जी महाराज के आशीर्वाद से दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन, इंदौर रीजन, दिगम्बर जैन समाज सामाजिक संसद (कीर्ति स्तंभ ), महावीर ट्रस्ट के द्वारा संयोजित ह्यआदिनाथ से महावीर जयंती पदयात्राह्ल के प्रथम दिन स्कीम नं 78 दिगम्बर जैन समाज, दिगम्बर जैन सोशलग्रुप अहिंसा 78 द्वारा पदयात्रा का संयोजन किया। भगवान आदिनाथ जी की विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। इस शानदार आयोजन के विशेष पुन्यार्जक आयुस टीना जैन का अभिवादन किया गया। सामाजिक संसद के अध्यक्ष राजकुमार पाटोदी ,राष्ट्रीय अध्यक्ष राकेश जैन विनायका ने बताया कि पदयात्रा समन्वयक श्री सुशील पांड्या, सनत गंगवाल की उपस्थिति मैं ध्वजारोहण महावीर ट्रस्ट अध्यक्ष श्री अमित कासलीवाल, श्री एम के जैन साहेब ,वितुल अजमेरा, अहिंसा सोशल गुप के अध्यक्ष श्री सुनील जैन, सलैया वालों के मंदिर के अध्यक्ष द्वारा किया गया। स्कीम 78 समाज द्वारा श्री आदिनाथ भगवान जी का अभिषेक किया गया। आयोजन में विशेष रुप से सभापति मुन्ना लाल यादव एम आई सी सदस्य क्षेत्रीय पार्षद राजेन्द्र जी राठौड़, पुर्व पार्षद श्री भरत देशमुख, रीजन सचिव रितेश पाटनी, संजय पापडीवाल, ऋषभ रजनी जैन, नरेंद्र प्रीति जैन अनिल सलैया, सुधीर सिंघई, सुनील जैन, केशव जैन, पवन सिंघई, राजेश जैन, अनिल ईटको, चंद्रेश जैन, गौरव जैन सहित अनेक समाज श्रेष्ठी उपस्थित रहे और इस पल के साक्षी बने। भगवान आदिनाथ से महावीर जयंती कार्यक्रम में सानिध्य प्रदान करने के लिए अंतमुर्खी मुनि पूज्य सागर महाराज भी आने वाले थे लेकिन उनके हाथ में चोट लगने से वह शामिल नहीं हो पाए। चोट ठीक होते ही मुनि श्री 20 दिन की यात्रा के बीच में अवश्य शामिल होंगे।

# समर शेड्यूल में कम हुए इंदौर नासिक उड़ान के फेरे

## यात्रियों की कमी के कारण अब सप्ताह में तीन दिन ही चलेगी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। समर शेड्यूल में जहां इंदौर काशी से जुड़ गया है वहीं इंदौर से नासिक के लिए रोजाना संचालित होने वाली उड़ान के फेरे अब एयरलाइंस ने कम कर दिए हैं। अब इस उड़ान का संचालन सप्ताह में केवल तीन दिन किया जाएगा। संभवतः यात्रियों की कमी से यह निर्णय लिया गया है।**

जानकारी के अनुसार उड़ान संख्या 6ई-7108-7109 अब तक रोजाना संचालित होती थी। लेकिन अब इस उड़ान का संचालन मंगलवार, गुरुवार और शनिवार को ही होगा। जिसमें विमान सुबह 9.30 बजे इंदौर से उड़ान भरकर 10.45 बजे नासिक पहुंचेगा और वहां से 11.05 बजे उड़ान भर कर 12.20 बजे से इंदौर आ जाएगा।

ट्रेवल एजेंटों ने बताया कि नासिक उड़ान को बेहतर रिस्पांस मिला था, लेकिन अब अचानक से इस उड़ान के फेरे कम कर दिए गए हैं। नासिक के लिए पहले टिकट बुक करवाने पर किराया भी काफी लगता था । करीब 3 हजार रुपये में एक तरफ का टिकट मिल जाता था, जबकि वाल्वो बस का किराया ही 2 हजार रुपए के करीब होता हैं।

महाराष्ट्र के प्रमुख शहरों में से एक नासिक जाने का एक बड़ा कारण इसके पास ही स्थित त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग भी है, जो नासिक से सिर्फ 30 किलोमीटर दूर है। यहां इंदौर सहित देश-दुनिया से बड़ी संख्या में श्रद्धालु कालसर्प दोष और पितृ दोष आदि के निवारण की पूजा के लिए जाते हैं। लेकिन इसके बाद भी उड़ान के फेरे कम हो गए हैं।

# समन्वयकर्ता अधिकारियों की नियुक्ति

**इन्दौर।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री आशीष सिंह ने लोकसभा निर्वाचन 2024 की विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए नोडल/सहायक नोडल/समन्वयकर्ता अधिकारी की नियुक्ति की है। संशोधित आदेशानुसार नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा को सामग्री प्रबंधन के दायित्व हेतु समन्वयकर्ता अधिकारी एवं नगर निगम अपर आयुक्त श्री मनोज पाठक को परिवहन प्रबंधन कार्यों के लिए सहायक नोडल अधिकारी नियुक्ति किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सिंह ने संयुक्त कलेक्टर श्री प्रदीप सोनी को बैलेट/ईडीसी/ईटीपी बीएस से मतदान एवं पश्चातवर्ती कार्यवाही हेतु नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारी के रूप में क्रमशः राजस्व निरीक्षक श्री अखिलेश सरमंडल एवं श्री मनीष भार्गव को नियुक्त किया है। इलेक्टारोल प्रबंधन के दायित्वों के लिए डिप्टी कलेक्टर सुश्री निधि वर्मा को नोडल अधिकारी एवं सहायक जिला आबकारी अधिकारी श्री अनिल माथुर को प्रेक्षक प्रबंध के लिए सहायक नोडल नियुक्त किया गया है।

# हर दो घंटे में जारी होगा मतदान प्रतिशत

## चुनाव के लिए जिला प्रशासन की तैयारियां पूरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। लोकसभा चुनाव के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां लगभग पूरी कर ली है। अधिकारियों की ट्रेनिंग के साथ साथ अब चुनाव के दौरान मतदान प्रतिशत हर दो घंटे में जारी करने के लिए निर्वाचन आयोग ने ऐप जारी किया है। मतदान प्रतिशत ऐप के माध्यम से नियुक्त पीठासीन अधिकारी अपनी सभी जानकारियां हर दो घंटे में लोड करेंगे।**

इसके लिए निर्वाचन आयोग ने निर्देश जारी किए हैं कि जिले के प्रत्येक मतदान केंद्र के लिए नियुक्त पीठासीन अधिकारी अपने अपने मोबाइल पर मतदान दिवस के दो दिन पूर्व अनिवार्य रूप से मत प्रतिशत ऐप लोड कर लें, वहीं एक दिन पूर्व मोबाइल ऐप पर लॉगिन कर लें। सामग्री प्राप्ति से लेकर मतदान दल रवाना होने और मतदान समाप्ति, मतदान केंद्र से वापसी, सामग्री जमा करने तक की समस्त जानकारी इस ऐप पर लोड की जाएगी। निर्वाचन आयोग ने निर्देश जारी करते हुए सभी जिला कलेक्टरों को निर्देशित किया है कि पीठासीन अधिकारी द्वारा सही-सही जानकारी समय-समय पर दर्ज की जाए, उसका पूरा ख्याल रखा जाए। निर्वाचन आयोग के निर्देश के आधार पर ऑनलाइन माध्यम से गूगल मीट द्वारा अधिकारियों को उसका प्रशिक्षण दिया गया है, वहीं दूसरे दौर का प्रशिक्षण 15 अप्रैल को दिया जाएगा।

निर्देश में साफ उल्लेख किया गया है कि इस ऐप के माध्यम से सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को मतदान दल की ट्रेनिंग के दौरान अपनी-अपनी विधानसभा के पीठासीन अधिकारियों के मोबाइल पर उक्त ऐप डाउनलोड कराना सुनिश्चित करना है। इसके साथ ही द्वितीय रेण्डमाइजेशन के बाद दल गठन होने और मतदान दलों की ड्यूटी तय होने के पूर्व इस ऐप पर केंद्रवाद पीठासीन अधिकारियों की मोबाइल नं. की सूची भी एक्सेल फार्मेट में लोड की जाएगी।

अधिकारियों द्वारा उपयोग किए जा रहे मोबाइल नम्बरों के आधार पर सूची तैयार की जाएगी। मतदान के एक दिन पूर्व तक यदि किसी अधिकारी को अपना मोबाइल नं. बदलना है तो उसे परमिशन लेना होगी। हालांकि इसकी परमिशन भी मत प्रतिशत के डेस्क बोर्ड से ही दी जाएगी। सभी सेक्टर अधिकारियों को पीठासीन अधिकारियों की ऐप के इस्तेमाल में मदद करना होगी। ज्ञात हो कि उक्त ऐप के माध्यम से हर दो घंटे में मत प्रतिशत की जानकारी अपलोड कराना अनिवार्य किया गया है। उक्त ऐप को अधिकारियों के लिए आसान बनाया गया है। गूगल प्ले स्टोर पर जाकर यह ऐप लोड किया जा सकता है।

# स्मृति बोलीं-हार के डर से कांग्रेसियों को भागने की आदत

## पन्ना में शर्मा की नामांकन रैली में हुईं शामिल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**पन्ना। केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा- हार के डर से कांग्रेसियों को भागने की आदत पड़ गई है। चाहे तो अमेठी वालों से पूछ लो। खजुराहो सीट पर भी कांग्रेस हार स्वीकार कर चुकी है। अबकी बार 400 पार।**

स्मृति ईरानी ने ये बात बुधवार को पन्ना में आमसभा में कही। वे यहां खजुराहो लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी विष्णु दत्त शर्मा के नामांकन के मौके पर पहुंची थीं। सभा के बाद ईरानी और वीडी शर्मा खुले वाहन में कलेक्ट्रेट के लिए निकले। नामांकन का समय करीब होने और वाहनों की भीड़ के चलते वे रथ से उतरकर कार से कलेक्ट्रेट पहुंचे।

शर्मा ने दोपहर करीब 3 बजे नामांकन पत्र जिला निर्वाचन अधिकारी को सौंपा। इस मौके पर मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल, विधायक संजय पाठक और बृजेंद्र प्रताप सिंह भी मौजूद रहे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी पन्ना में वीडी शर्मा के पक्ष में रोड शो किया। लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में शामिल खजुराहो सीट पर अब तक 9 कैंडिडेट्स ने नामांकन जमा किया है।

बुधवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और पूर्व सीएम शिवराज सिंह चौहान सतना में बीजेपी प्रत्याशी गणेश सिंह के नामांकन भरने के मौके पर मौजूद रहे। वहीं, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह, वरिष्ठ नेता विवेक तन्खा और अरुण यादव बैतूल, टीकमगढ़ और होशंगाबाद में कांग्रेस प्रत्याशियों के नामांकन दाखिल कराने पहुंचे।

**दूसरे चरण की 7 सीटों पर नामांकन का अंतिम दिन आज-** दूसरे चरण की रीवा, सतना, खजुराहो, बैतूल, टीकमगढ़, होशंगाबाद और दमोह लोकसभा सीट पर गुरुवार तक नामांकन जमा किए जाने हैं। अब तक रीवा लोकसभा सीट पर बीजेपी उम्मीदवार जनार्दन मिश्रा समेत 8 नामांकन जमा किए जा चुके हैं।

इसी तरह बैतूल सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी रामू टेकाम और बसपा प्रत्याशी अशोक भलावी समेत 3 नामांकन दाखिल किए गए हैं। सतना सीट पर बीजेपी के गणेश सिंह समेत 7, होशंगाबाद सीट पर बीजेपी के दर्शन सिंह और कांग्रेस के संजय शर्मा समेत 3, टीकमगढ़ लोकसभा सीट पर बीजेपी के भाजपा प्रत्याशी डॉ. वीरेंद्र कुमार और कांग्रेस के पंकज उर्फ खुमान अहिरवार समेत 2 प्रत्याशी अपना पर्चा भर चुके हैं। दमोह लोकसभा सीट पर बीजेपी के राहुल सिंह सहित 5 प्रत्याशियों ने अपने नामांकन जमा किए हैं।



# टीचर को डिजिटल अरेस्ट करने वाला गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** ग्वालियर की रिटायर्ड टीचर को ब्लैकमेल कर 51 लाख रुपए ऐंठने वाला पकड़ा गया है। ग्वालियर क्राइम ब्रांच ने आरोपी को भिलाई (छत्तीसगढ़) से गिरफ्तार किया। आरोपी दुबई में बिटकॉइन ट्रेडिंग कंपनी चला रहा था। पुलिस को आशंका है कि आरोपी ठगी की काली कमाई को बिटकॉइन में लगाकर वाइट करता था। आरोपी कुणाल जायसवाल ने पिछले महीने टीचर आशा भटनागर (72) को कॉल कर कहा था कि आपके नाम की सिम से बच्चियों को अश्लील मैसेज भेजे गए हैं। उसने रेड का डर दिखाया। घबराई टीचर ने उसके बताए बैंक अकाउंट में 51 लाख रुपए ट्रांसफर कर दिए। ठगी की रकम में से 9.50 लाख रुपए (42 हजार दिरहम) के खाते में ट्रांसफर किए थे। इसी खाते के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के पास से बड़ी संख्या में दूसरे लोगों के नाम के आधार कार्ड, पासबुक, चेकबुक, मोबाइल, लैपटॉप और आईपैड बरामद किए गए हैं। ठगी से कमाए रुपए से नेहरू नगर (भिलाई) में बड़ा बंगला, लग्जरी गाड़ियां खरीद रखी हैं। पुलिस आरोपी के बाकी साथियों के बारे में पूछताछ कर रही है। ठगे गए 51 लाख रुपए की रकम कश्मीर, गुजरात और राजस्थान सहित अन्य राज्यों के 25 बैंक खातों में ट्रांसफर की गई थी। पुलिस ने जब इन खातों की पड़ताल की, तब पता चला कि अन्य खातों से रकम ऑनलाइन ट्रांसफर हुई थी।

# जेपी नड्डा ने पत्नी-बेटे के साथ महाकाल के दर्शन किए

### बोले- प्रदेश की पूरी 29 लोकसभा जीतेंगे

**उज्जैन।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने महाकाल के दर्शन किए। वे जबलपुर से इंदौर, फिर उज्जैन पहुंचे। पत्नी-बेटे ने भी महाकाल का आशीर्वाद लिया। विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग बाबा महाकाल के मंदिर में बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पहुंचे और गर्भगृह से भगवान का आशीर्वाद लिया। इस मौके पर जेपी नड्डा की पत्नी और बेटा भी साथ रहा। गर्भगृह में करीब 15 मिनट तक पूजन अर्चन और पंचामृत अभिषेक करने के पश्चात नड्डा राजस्थान के लिए रवाना हो गए। दर्शन के दौरान भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद शर्मा, क्षेत्रीय महासचिव अजय जामवाल भी साथ रहे और दर्शन का लाभ लिया। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि उज्जैन के बाद सतना, खजुराहो और पन्ना का दौरा है जिसके बाद देर शाम इंदौर लौटना है अब की बार 400 पर और मध्य प्रदेश में 29 सीट जीतने का सीएम ने दावा किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी साथ रहे। उज्जैन के हेलिपेड पर आने के बाद यहां से सीधा महाकाल मंदिर में जाकर दर्शन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश की सभी 29 लोकसभा सीट जीतेंगे।

# पत्नी को गोली मारी, फिर उसे तड़पता देखता रहा

## पति ने चोरी-छिपे किया अंतिम संस्कार; दो दिन बाद खुला राज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**ग्वालियर।** पति ने पहले पत्नी को गोली मारी, फिर उसे तड़पकर दम तोड़ते देखता रहा। इतना ही नहीं अपना जुर्म छिपाने के लिए उसने कमरे को साफ किया। इसके बाद परिजन की मदद से चोरी-छिपे घर से 100 मीटर दूर शव का अंतिम संस्कार भी कर दिया।

घटना भिंड के गोहद के पिपरौली के मजरा बंजारे का पुरा की है। जहां सोमवार को पति ने पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। महिला ग्वालियर के उटीला की रहने वाली थी। किसी ने उसके पिता भूप सिंह बंजारा को सूचना दी। इसके बाद वे उटीला थाने पहुंचे, वहां से गोहद पुलिस को खबर की गई।

गोहद पुलिस ने बुधवार को आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मौके पर भी पहुंची। जिस जगह महिला का अंतिम संस्कार किया, वहां से राख के सैंपल भी पुलिस ने लिए हैं।

मृतक का नाम रेखा बंजारा (30) है। उसकी शादी 9 साल पहले हरीराम बंजारा से हुई थी। इनके दो बच्चों का बीमारी की वजह से निधन हो गया था। दंपती ने रिश्तेदार की बेटी गोद ली, जो अब चार साल की है। सालभर पहले ही इन्हें एक बेटा भी हुआ। घटना के समय दोनों बच्चे दादी-दादी के पास थे। आरोपी काम नहीं करता है। सनकी मिजाज का है।

**गिरवी रखने के लिए मांग रहा था गहने-** गोहद थाना प्रभारी मनीष धाकड़ ने बताया कि हरीराम पिता आशाराम बंजारा ने सोमवार सुबह पत्नी से गिरवी रखने के लिए जेवर मांगे। मना करने पर उसके साथ मारपीट की। इसके बाद वह घर से निकल गया। कुछ देर बाद सुबह करीब 8.30 बजे वह वापस आया। उस समय पत्नी बेड पर लेटी थी। उसने कट्टे से उसके सीने पर गोली मार दी। वारदात के बाद आरोपी ने घटनास्थल से खून साफ किया। फिर परिजन की मदद से खेत में अंतिम संस्कार कर आया।

पुलिस ने बताया कि गोली चलने की आवाज आस-पड़ोस के लोगों ने भी सुनी थी, लेकिन आरोपी के सनकी मिजाज के कारण उस समय सभी खामोश रहे। बाद में किसी ने महिला के पिता को बता दिया कि उनकी बेटी को मार दिया गया है। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश कर दो दिन की रिमांड पर लिया है।

# टोल प्लाजा पर फायरिंग, 2 कर्मचारी कुएं में गिरे, मौत

## बाइक से आए बदमाशों ने पहले मारपीट की, फिर गोलियां चलाईं

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दतिया। दतिया के डगरई टोल प्लाजा पर नकाबपोश बदमाशों ने कर्मचारियों से मारपीट के बाद फायरिंग कर दी। कर्मचारी जान बचाकर इधर-उधर भागने लगे। उनमें से 2 पास के खेत में बने कुएं में गिर गए, जिससे उनकी मौत हो गई। घटना मंगलवार रात करीब 10 बजे की है। इसके सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं।**

पुलिस ने मृतकों के नाम हरियाणा निवासी श्रीनिवास परिहार और नागपुर निवासी शिवाजी कांडेले बताए हैं। ग्वालियर-झांसी हाईवे के चिरुला थाना क्षेत्र के टोल प्लाजा पर 4 बाइक से 10-12 बदमाश पहुंचे थे।

**अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज-** एसडीओपी प्रियंका मिश्रा ने बताया कि मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है। जल्द उनकी गिरफ्तारी की जाएगी। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर 10 से 12 संदेहियों को राउंडअप किया है।



**1 अप्रैल को ही ट्रांसफर होकर आया था श्रीनिवास-**उत्तर प्रदेश के आगरा का रहने वाला श्रीनिवास परिहार पिता महेंद्र सिंह (38) 12 साल से काम कर रहा था। इससे पहले वह फरीदाबाद के टोल प्लाजा पर सुपरवाइजर था। 1 अप्रैल को ही ट्रांसफर होकर दतिया के डगरई टोल प्लाजा पर आया था। उसकी दो बेटी और एक बेटा है।

शिवाजी कांडेले महाराष्ट्र के नागपुर का रहने वाला था। दूरी ज्यादा होने के कारण उसके परिजन बुधवार को दतिया नहीं पहुंच पाए, जिसके कारण अब पोस्टमॉर्टम गुरुवार सुबह होगा।

**वीआईपी लेन से गाड़ी निकालने को लेकर हुआ था विवाद-** टोल प्लाजा के एक कर्मचारी ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया, ह्यमंगलवार रात करीब 9 बजे कुछ युवक कार में आए थे। वे वीआईपी लेन से गाड़ी निकालने की जिद कर रहे थे। इसी बात को लेकर टोल कर्मचारियों से उनकी बहस हुई थी। बाद में वही अपने साथियों के साथ वापस आए और वारदात को अंजाम दिया।ह

# संपादकीय

## बच्चों की हिम्मत, जागरूकता का उदाहरण

ज्यादातर कुप्रथाएं इसीलिए चलन में रहती हैं कि समाज और परिवार के जिम्मेदार लोग ही उसे संरक्षण देते या उसकी अनदेखी करते हैं। मगर नोएडा में स्कूली बच्चियों ने अपनी एक सहपाठी के लिए जो किया, उससे उम्मीद बंधती है कि लोग अपने आसपास अनुचित और गलत रिवाजों के विरोध को लेकर मुखर होंगे और इस तरह बाल विवाह जैसी कुप्रथाओं को जड़ से खत्म करने में मदद मिलेगी। आमतौर पर किसी सामाजिक कुरीति का विरोध, उसे खत्म करने के लिए पहल की उम्मीद उम्र और समझ के स्तर पर परिपक्व माने जाने वाले लोगों से की जाती है। मगर नोएडा में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली कुछ बच्चियों ने बाल विवाह जैसी कुप्रथा की शिकार हो रही एक बच्ची को बचाने के लिए जैसी हिम्मत दिखाई, वह उनकी जागरूकता का एक बेहतरीन उदाहरण है। हाल ही में नोएडा के एक सरकारी स्कूल में आठवीं कक्षा में पढ़ने वाली एक छात्रा जब उदास दिखी, तो उसकी कुछ सहपाठियों ने इसका कारण पूछा। पता चला कि उसकी शादी जबरन कराई जा रही है, जबकि वह अभी पढ़ना चाहती है। इसके बाद उसकी सहपाठियों ने स्कूल के शिक्षकों और प्रबंधन को इस बारे में जानकारी दी। फिर स्कूल प्रबंधन ने इस बात की सूचना बच्चों के लिए जारी हेल्पलाइन और पुलिस को दी। पता चलते ही पुलिस ने ऐन मौके पर पहुंच कर शादी रुकवाई और आरोपियों को पकड़ा। अब वह छात्रा फिर पहले की तरह अपनी पढ़ाई कर रही है। इस घटना की अहमियत इस रूप में है कि जिन कुरीतियों को खत्म करने की जिम्मेदारी समाज और परिवार के वयस्कों और बुजुर्गों की होनी चाहिए, उसे रोकने के लिए बच्चों ने पहल की। यह छिपा नहीं है कि बाल विवाह जैसी कुप्रथा की वजह से कितनी बच्चियों का जीवन एक तरह से बर्बाद हो जाता है। उनकी पढ़ाई-लिखाई छूट जाती है, उनका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बुरी तरह प्रभावित होता है। इसका असर समूचे समाज के ढांचे पर पड़ता है, जिसमें स्त्री-पुरुष के बीच कई स्तर पर खाई पैदा होती है। कानूनी रूप से प्रतिबंधित होने के बावजूद अक्सर बाल विवाह के मामले सामने आते रहते हैं।

**Quote...**

"Live in the sunshine, swim the sea, drink the wild air."

-Ralph Waldo Emerson



**डर सिर्फ इसलिए हैं क्योंकि आप जीवन के साथ नहीं जा रहे हैं, आप अपने दिमाग में जी रहे हैं...**

-सद्‌गुरु जग्गी वासुदेव

### धर्म-कर्म

# हिंदू नववर्ष 2024-25 में राजा मंगल और मंत्री शनि दे रहे हैं देश -दुनिया में इन बड़े खतरों का संकेत !




भारत के अधिकतर भागों में चंद्र कैलेंडर यानी चंद्र महीनों (चैत्र, वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़ आदि) के आधार पर व्रत और त्योहारों का निर्णय करने की सदियों पुरानी परंपरा रही है। समूचे उत्तर और मध्य भारत में चैत्र के महीने की प्रतिपदा तिथि से हिंदू नववर्ष का शुभारंभ माना जाता है। वहीं दूसरी तरफ पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश , जम्मू के कुछ भागों में सूर्य के मेष राशि में संचार के समय, जो कि हर वर्ष 13 -14 अप्रैल के आस-पास होता है, नए वर्ष का आरंभ माना जाता है। इस बार हिंदू नववर्ष का शुभारंभ 9 अप्रैल से होगा। तमिलनाडु , असम , ओडिशा और केरल के कुछ भागों में भी सूर्य के मेष राशि में संचार के समय ही नववर्ष का आरंभ लिया जाता है। गुजरात में कार्तिक की अमावस्या यानि दीपावली के अगले दिन से हिंदू नववर्ष का आरंभ मानते हैं।

मेदिनी ज्योतिष के दृष्टिकोण से देखें तो यह तीनों दिनों की ग्रह स्थिति वर्ष भर की शुभ-अशुभ बड़ी घटनाओं के फलकथन के लिए बड़ी महत्त्वपूर्ण है। चैत्र महीने की प्रतिपदा के दिन सूर्य उदय के समय के वार के स्वामी को वर्ष का राजा कहा जाता है। इस वर्ष चैत्र प्रतिपदा की तिथि 9 अप्रैल को मंगलवार पड़ने से इस वार के स्वामी क्रूर ग्रह मंगल वर्ष के राजा हुए। सूर्य का मेष राशि में संचार इस वर्ष 13 अप्रैल को रात्रि के समय शनिवार को हो रहा है अतः वर्ष के मंत्री का पद क्रूर ग्रह शनि को मिलता है। ऐसा बेहद कम ही होता है कि जब वर्ष के राजा और मंत्री का स्वामित्व दो क्रूर ग्रहों को मिले इस कारण से इस वर्ष ज्योतिषीय दृष्टिकोण से कुछ बड़ी अनहोनी घटनाओं के होने की आशंका है।

### राजनीतिक उठापटक, तेज़ गर्मी और अनहोनी घटनाओं की आशंका

आगामी 8 अप्रैल को रात्रि 11 बज कर 50 मिनट पर भारतीय मानक समय अनुसार जब सूर्य और चन्द्रमा दोनों मीन राशि में एक ही अंशों पर आ जाएंगे तो उस समय बनने वाली हिंदू नववर्ष की कुंडली इस वर्ष धनु लग्न की है जो कि आज़ाद भारत की वृषभ लग्न से अष्टम भाव की राशि हो कर इस वर्ष कुछ बड़ी अनहोनी घटनाओं का संकेत दे रही है। वर्ष के राजा मंगल होने से अग्निकांड, तेज़ गर्मी , बड़ी दुर्घटनाओं तथा आतंकी हमलों के बढ़ने से भारत सहित दुनिया के कई देशों में जनता को कष्ट होगा। मंत्री शनि होने से इस वर्ष बड़े देशों जैसे अमेरिका और रूस में आपसी विवाद बेहद तेज़ी से बढ़ेंगे जिससे विश्व अर्थव्यस्था पर बुरा प्रभाव पड़ेगा।

हिंदू नववर्ष की कुंडली में तीसरे भाव में शनि और मंगल की युति भारत में पत्रकारों, मीडिया संस्थानों और कलाकारों के लिए अशुभ है। इस वर्ष कुछ बड़े पत्रकारों और मीडिया संस्थानों को सरकारी हस्तक्षेप और जांच एजेंसियों की कार्यवाही का सामना करना पड़ सकता है। किन्तु खेल जगत में भारत को इस वर्ष पेरिस में होने वाले ओलिंपिक खेलों में बड़ी सफलता मिल सकती है। हिंदू नव वर्ष की कुंडली में पंचम भाव में बुध और गुरु जैसे शुभ ग्रहों की स्थिति भारत में फिल्म जगत तथा मनोरंजन से सम्बंधित कार्यों के लगे लोगों के लिए शुभ है। विद्यार्थियों को भी वर्ष 2024-25 में सरकार की रोजगार सम्बन्धी नीतियों से कुछ लाभ मिलने की संभावना बनती है।

### बढ़ेंगे सीमा विवाद और संवैधानिक संस्थाओं से होगा सरकार का टकराव

मेदिनी ज्योतिष में तीसरे भाव को सीमा विवादों के लिए देखा जाता है। हिंदू नववर्ष की कुंडली में तीसरे भाव में शनि-मंगल की खतरनाक युति इस वर्ष गर्मियों के दिनों में पाकिस्तान और चीन से लगने वाली हिमालय क्षेत्र की सीमाओं पर किसी बड़े संकट का संकेत है। तुला राशि से प्रभावित जम्मू-कश्मीर में इस वर्ष सितंबर से पूर्व चुनाव होने हैं, ऐसे में गर्मी के दिनों में कश्मीर में बर्फ पिघलने पर सीमा पार से बड़ी आतंकी घुसपैठ की आशंका बन रही है। विशेषकर मई-जून के महीने में मंगल के मीन राशि में गोचर के समय किसी बड़ी आतंकी घटना के योग जम्मू-कश्मीर में बन रहे हैं जिससे भारत-पाक सीमा पर तनाव बढ़ेगा। चीन के साथ लद्दाक में गलवान घाटी के 2020 के सीमा संघर्ष के बाद से दोनों देशों के सैन्य अधिकारियों की बातचीत विफल रहने की संभावना बन रही है जिसके चलते इस वर्ष भारत और चीन की सेनाओं में कुछ स्थानों पर हिंसक मुठभेड़ हो सकती है जिसमें चीन की भारी क्षति होगी। हिंदू नववर्ष की कुंडली में चतुर्थ भाव में सूर्य, चन्द्रमा और शुक्र का योग इस वर्ष किसानों को अच्छी फसल से लाभ होने का ज्योतिषीय संकेत है किन्तु किसान संगठनों की न्यूनतम समर्थन मूल्य को कानूनी रूप से लागू करने की मांग पूरी होने की कोई संभावना नहीं दिख रही। मंगल के तीसरे घर में होने से उसकी आठवीं दृष्टि दशम भाव पर पड़ रही है जिससे केंद्र सरकार विपक्ष के नेताओं पर चल रहे मुकदमों और जांच में कठोर निर्णय ले सकती है। केंद्र सरकार का इस वर्ष न्यायपालिका और अन्य संवैधानिक संस्थाओं से टकराव आश्चर्यजनक तेज़ी से बढ़ सकता है।

## Rajasthan

# हजारों की भीड़, रंग-गुलाल, ढोल नगाड़े... राजस्थान में ऊंट पर सवार होकर पर्चा भरने पहुंचे बांसवाड़ा से BAP प्रत्याशी राजकुमार रोत

**जयपुर, (एजेंसी) लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है. राजस्थान में मुकाबला बहुत दिलचस्प हो गया है. एक ओर बीजेपी राज्य की सभी 25 सीटों पर अकेले चुनाव लड़ रही है, वहीं दूसरी ओर कांग्रेस अपने सहयोगी दलों के साथ मैदान में है. कांग्रेस ने नागौर सीट हनुमान बेनीवाल की पार्टी और सीकर सीट सीपीआई के लिए छोड़ दी है. हालांकि बीटीपी या बीएपी के साथ गठबंधन का ऐलान नहीं किया है. इस बीच बांसवाड़ा-डूंगरपुर सीट पर भारत आदिवासी पार्टी के उम्मीदवार राजकुमार रोत के नामांकन की चारों ओर चर्चा है.**

राजकुमार रोत के नामांकन की रैली सुर्खियों में है.



इसमें हजारों की लोगों की भीड़ आई थी और ऊंट पर सवार होकर पारंपरिक भेषभूषा में राजकुमार पर्चा भरने पहुंचे. इस बीच रंग-गुलाल और ढोल नगाड़े बजाए जा रहे थे. BAP प्रत्याशी के नामांकन का वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रहा है. उनकी इस रैली को देखकर दूसरे दल हैरान हैं.

राजस्थान की बांसवाड़ा-डूंगरपुर लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी नहीं उतारकर BAP प्रत्याशी राजकुमार रोत को अपना समर्थन दिया है. राजकुमार के नामांकन के समय कांग्रेस के भी कई नेता मौजूद थे. इस सीट से बीजेपी ने महेंद्रजीत सिंह मालवीया को अपना प्रत्याशी बनाया है. मालवीया ने हाल में कांग्रेस छोड़कर बीजेपी ज्वाइन की थी, जिसके बाद काफी बयानबाजी हुई थी.

## Hyderabad

# चेन्नई की सड़कों पर दिखा शर्टलेस 'जोंबी', लोगों को काटने लगा



**नई दिल्ली, (एजेंसी) चेन्नई में एक चौंकाने वाली घटना कैमरे में कैद हो गई है। नशे में धुत और शर्टलेस विदेशी नागरिक बाइक चला रहे एक दूसरे व्यक्ति को काटने का प्रयास कर रहा है। आसपास के लोगों और पुलिस ने हालांकि इसे रोक लिया। रोयापेट्टा इलाके की यह घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वीडियो क्लिप में विदेशी नागरिक को आक्रामक तरीके से बाइक सवार की ओर झपटते और उसकी गर्दन को निशाना बनाते हुए देखा जा सकता है।**

पुलिस और दर्शकों हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुए। इस घटना ने वहां से गुजर रहे यात्रियों को भी परेशान कर दिया। अफरा-तफरी के बीच घटनास्थल के आसपास भीड़ तेजी से बढ़ गई।

आपको बता दें कि लाइव हिन्दुस्तान वीडियो की प्रामाणिकता और समय की पुष्टि नहीं करता है। हालांकि, सोशल मीडिया में इसको लेकर दावे किए जा रहे हैं। सोशल मीडिया में तरह-तरह के कमेंट सामने आ रहे हैं। कुछ लोगों ने विदेशी नागरिक की तुलना जोंबी से की है। कुछ लोगों ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर एक शख्स ने लिखा, "यह शर्मनाक जोंबी घटना चेन्नई में हुई। एक विदेशी नागरिक कथित तौर पर नशे की हालत में यात्रियों को काटने की कोशिश में इधर-उधर भाग रहा था।'' एक दूसरे यूजर ने लिखा, "उसे हथकड़ी लगाकर क्यों नहीं ले जाया जा सकता? चेन्नई पुलिस आप अपनी पुलिस को हथकड़ी नहीं देते?

## Jharkhand

# फर्जी तरीके से बेल कराने वाले गैंग का भांडाफोड़, 54 फर्जी आधार कार्ड बरामद

**जमशेदपुर, (एजेंसी) झारखंड के जमशेदपुर में कोर्ट में फर्जी तरीके जमानत कराने वाले गिरोह का भांडाफोड़ हुआ है. जमशेदपुर पुलिस ने गिरोह के दो लोगों को गिरफ्तार किया है. इस मामले को लेकर एसएसपी ने प्रेस वार्ता कर मामले की पूरी जानकारी दी.**

जमशेदपुर के एसएसपी कौशल किशोर ने बताया कि काफी दिनों से पुलिस को सूचना मिल रही थी कि कुछ लोग फर्जी तरीके से कोर्ट में जमानतदार बनकर लोगों का बेल करा रहे हैं. कोर्ट परिसर में इस तरह के फर्जीवाड़े को लेकर पुलिस चौकन्ना हो गई. इसके बाद से इस मामले को लेकर निगरानी रखी जा रही थी.

इसी क्रम में एक अप्रैल को 3 मेन गेट में तैनात पुलिस अधिकारी ने 2 संदिग्ध युवकों को रोककर जांच की. तलाशी के दौरान इनके पास से फर्जी तरीके से बनाए गए 54 आधार कार्ड और 17 वाहन के रजिस्ट्रेशन कार्ड और अन्य कागजात मिले. इसके बाद दोनों युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया.

## New Delhi

# निकाला नहीं गया, इस्तीफा दिया है; संजय निरुपम कांग्रेस पर भड़के, आज शिंदे सेना में होंगे शामिल

**नई दिल्ली, (एजेंसी) कांग्रेस के खिलाफ बागी तेवर अपना चुके संजय निरुपम को बुधवार रात को पार्टी ने 6 साल के लिए निष्कासित कर दिया था। लेकिन संजय निरुपम ने अब जानकारी दी है कि मैंने तो निष्कासित होने से पहले ही इस्तीफा दे दिया था। उन्होंने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। संजय निरुपम ने लिखा, 'ऐसा लगता है कि मेरा इस्तीफा रात को मिलने के बाद तुरंत बाद मेरे निष्कासन का आदेश दिया गया। यह तेजी देखकर अच्छा लगा। मैं यह जानकारी ऐसे ही दे रहा हूं।' यही नहीं संजय निरुपम ने कहा कि मैं अपने अगले कदम की जानकारी आज ही सुबह 11:30 से 12 बजे के बीच दूंगा।**

संजय निरुपम ने मुंबई की उत्तर पश्चिम सीट शिवसेना को देने और वहां से अमोल कीर्तिकर को घोषित किए जाने का विरोध किया था। उनका कहना था कि मैं एक खिचड़ी चोर के लिए कैंपेन नहीं कर सकता। इसके बाद उन्होंने पार्टी को एक सप्ताह का अल्टिमेटम दिया था। इस पर बात नहीं बनी तो अंत में उन्होंने इस्तीफा दे दिया। वहीं कांग्रेस का कहना है कि उन्हें निष्कासित किया गया है। इस बीच सूत्रों का कहना है कि आज संजय निरुपम एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हो सकते हैं। वहीं कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि संजय निरुपम को कारण बताओ नोटिस नहीं जारी हुआ था बल्कि सीधे ऐक्शन लिया गया।

## खेल

# एशियाई एथलेटिक्स के पदक विजेता मुरली गावित डोप में फंसे

### गोआ राष्ट्रीय खेल के दौरान ईपीओ के लिए पॉजिटिव पाए गए

नई दिल्ली, (एजेंसी) अंतराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां बटोरने वाले लंबी दूरी के एथलीट मुरली गावित डोप में फंस गए हैं। एशियाई चैंपियनशिप में 10 हजार मीटर का रजत पदक जीतने वाले मुरली बीते वर्ष गोआ में हुए राष्ट्रीय खेल केदौरान डोप पॉजिटिव पाए गए हैं। राष्ट्रीय डोप रोधी एजेंसी (नाडा) की ओर से लिए गए उनके सैंपल में एरिथ्रोपोएटिन (ईपीओ) पाया गया है। मुरली ने गोआ राष्ट्रीय खेल में रजत पदक जीता था, जो भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने उनसे छीन लिया है। मुरली के डोप में फंसने के साथ गोआ राष्ट्रीय खेल में डोप में फंसने वाले खिलाड़ियों की कुल संख्या 26 हो गई है।



### राष्ट्रीय ओपन में भी स्वर्ण जीते थे गावित

गोआ में 5000 मीटर में रजत जीतने वाले गावित और कांस्य जीतने वाले अजय कुमार दोनों पॉजिटिव पाए गए हैं। गावित लंबे समय तक भारतीय एथलेटिक्स दल का हिस्सा रहे हैं। उन्होंने 2019 की दोहा एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 10 हजार मीटर का रजत जीता था। बीते वर्ष ही उन्होंने राष्ट्रीय ओपन एथलेटिक्स में भी इसी इवेंट का स्वर्ण जीता था। ईपीओ का प्रयोग मध्यम और लंबी दूरी के एथलीट रेस से ठीक पहले करते हैं। इससे खून में ऑक्सीजन का स्तर बढ़ जाता जो उन्हें रेस के दौरान मदद करता है। भारतीय एथलेटिक्स में ईपीओ के मामले लगातार बढ़ रहे हैं।

### एशियाड पदक विजेता भास्कर भी डोप पॉजिटिव

1998 के बैंकॉक एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता और विश्व बिलियड्र्स चैंपियनशिप के उपविजेता भास्कर बालचंद्र भी गोआ राष्ट्रीय खेल के दौरान डोप में फंसे हैं। उनके सैंपल में बीटा ब्लॉकर पाया गया है। क्यू स्पोर्ट्स में डोप में फंसने का यह देश में पहला मामला है। गोआ राष्ट्रीय खेल में सर्वाधिक 10 डोप पॉजिटिस मामले एथलेटिक्स और उसके बाद सात वेटलिफ्टिंग में पाए गए।

## सिनेमा

# सक्सेस नहीं आई रास, देश छोड़कर भागे अभय देओल, बोले- डर गया था, अब पछतावा होता है...



अभय देओल को डार्क कॉमेडी फिल्म देव डी से खूब सक्सेस मिली. इससे पहले उनकी ओए लकी लकी ओए रिलीज हुई थी. दोनों ही फिल्मों ने सिनेमाघरों में जमकर धमाल मचाया था. लोग उन्हें काफी पसंद करने लगे थे. फिर ऐसा क्या हुआ कि उन्हें ये सक्सेस रास नहीं आई और वो देश छोड़कर ही चले गए. अभय देओल ने खुद इस बात का जिक्र किया और कहा कि वो एकदम से मिली शोहरत को हैंडल नहीं कर पाए और चले गए.

अभय एक फिल्म फेस्टिवल के लिए चंडीगढ़ गए हुए थे, जहां उन्होंने मीडिया से बातचीत की. अभय ने अपनी फिल्म चॉइस को लेकर बात की, लेकिन साथ ही अपने करियर ग्राफ पर रोशनी डाली. अभय ने कहा- उम्मीद से भी बड़ा दिखने वाले सिनेमा को उस दौरान बचने का साधन माना जाता था. लेकिन बड़े होते हुए मैं कुछ और नहीं चाहता था. मैं अपनी पहचान बनाए रखना चाहता था. मैं खुद ही अपनी की फिल्मों को पसंद नहीं करता था, तो मुझे लगता था लोग फिर क्या ही पसंद करेंगे. फिल्ममेकर्स भी एक तरह की फिल्में बना रहे थे. तो चेंज कैसे आएगा.

## Highlights

1. **Video: Policeman's son kills man with cricket bat in Jaipur, held**
2. **Surjewala claims video distorted, denies insulting Hema Malini**
3. **Snooping case: KTR seeks apology from Cong leaders**
4. **Union govt asks states, UTs to devise heat wave mitigation plans**
5. **Lok Sabha Election 2024: PM Modi will address a BJP Bengal rally**

# HDFC Bank Q4 update: Gross advances up 1.6%, deposits rise 26%

**NEW DEIHI, (Agency).** HDFC Bank said its gross advances at the end of the March quarter rose 1.6% to 25.08 trillion rupees ($300.44 billion) from the December quarter. The bank's deposits in the March quarter rose 7.5% to 23.8 trillion rupees from the December quarter. Gross advances at ₹16.14 lakh crore in the corresponding period of the previous financial year and rose over ₹24.69 lakh crore as of December 31, 2023, the bank informed.

The private lender said that its domestic retail loans grew by around 108.9% over March 31, 2023 and around 3.7% or ₹43,700 crore over December 31, 2023. In March, the commercial & rural banking loans grew by




around 24.6% while it grew around 4.2% quarter-on-quarter (QoQ). With respect to corporate and other wholesale loans, the growth was around 4.1% over March 31, 2023, the filing said.

As of March 31, 2024, HDFC Bank's deposits aggregated to ₹23.80 lakh crore- up 26.4% over ₹18.83 lakh crore reported at the end of corresponding quarter. On quarterly basis, the growth was around 7.5%, the lender noted.

At the same time, retail deposits grew by around 27.8% YoY and around 6.9% QoQ. Wholesale deposits grew by around 19.4% YoY and around 10.9% QoQ, it said. The filing also showed that retail CASA grew by around 8.8% over March 31, 2023, and 6.3% over December 31, 2023 while the CASA ratio stood at around 38.2% as of March 31, 2024, against 44.4% in the same quarter last yea.

# Apple has been secretly building home robots that could be its 'next big thing': All you need to know

**NEW DEIHI, (Agency).** Apple has teams investigating a push into personal robotics which the company sees as the "next big thing". Bloomberg reported citing people in the know that Apple engineers are attempting to make a mobile robot that can follow users around their homes. The project is kept extremely private and the iPhone maker has also developed an advanced table-top home device that uses robotics to move a display around, the report claimed.

How close are we to personal robotics?

Apple's project is at the beginning stages and therefore it is not clear if the products will be released, the report claimed. But the company sees the products as a new source of revenue



after it scrapped an electric vehicle project in February this year. The company will also make a push into mixed-reality goggles but it is expected to take years to become a major moneymaker, the report claimed.

The report also added that the "robotic smart display is much further along than the mobile bot, it has been added and removed from the company's product road map over the years."

Where is Apple manufacturing personal robotics and who is in charge?

The robotics work is taking place within Apple's hardware engineering division and its AI and machine-learning group, which is run by John Giannandrea, the report claimed. Matt Costello and Brian Lynch have overseen the hardware development. Earlier, the company said that its future revolved around three areas: automotive, the home and mixed reality. But this was before its EV project was cancelled. Apple has a secret facility that resembles the inside of a house near its campus in Cupertino, California where it can test future devices and initiatives for the home, the report added.

# किराए के फ्लैट में चल रहा था आईपीएल सट्टा

## क्राइम ब्रांच ने दी दबिश, मोबाइल सिम भी फर्जी नाम से

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। क्राइम ब्रांच ने बुधवार देर रात आईपीएल का सट्टा पकड़ा है। आठ आरोपियों से लाखों के लेनदेन के साथ मोबाइल और लैपटॉप जब्त हुए हैं। आरोपी ऑनलाइन एप के माध्यम से लोगों को आईडी देकर सट्टा संचालित कर रहे थे। रात में सभी को लसूडिय़ा पुलिस के सुपुर्द किया गया है।**

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया की टीम ने खालसा चौक की स्कीम नंबर 136 फ्रेडजो बिल्डिंग में कार्रवाई करते हुए माधव पुत्र सतीश बसंल, तीर्थ पुत्र योगेश सैनी, नितिन उर्फ लखन पुत्र राधेश्याम तेली राहुल पुत्र मुकेश राठौर, देवेन्द्रसिंह पुत्र कैलाश सिंह चौहान, विशाल पुत्र आशीष बागडे, लक्ष्य पुत्र उदय सैनी और अंकित पुत्र गोपाल प्रजापति को पकड़ा है। आरोपियों से तीन लैपटॉप, 22 मोबाइल और नकदी सहित डेबिट कार्ड व क्रेडिट कार्ड और अन्य डॉक्यूमेंट जब्त किये गए हैं।

क्राइम ब्रांच के अफसरों के मुताबिक पकड़ाए सभी आरोपी नीमच के रहने वाले हैं। जो यहां अलग-अलग जगह किराये के मकानों में रह रहे थे। वे लोटस 365 एप के माध्यम से कस्टमर को आईडी देकर उस पर बुकिंग कर रहे थे। ये सभी दो से तीन गुना प्रॉफिट देने का लालच देते थे। पुलिस के मुताबिक गिरोह का सरगना माधव बंसल बताया जा रहा है।

क्राइम ब्रांच को आरोपियों से यह भी जानकारी मिली है कि इनका गिरोह दूसरे लोगों का अकाउंट में पैसे ट्रांसफर कराते थे। बदले में कमीशन देते थे। आरोपियों के पास से फर्जी नामों से ली गई मोबाइल सिम भी मिली है। इस मामले में उन पर धोखाधड़ी की धाराएं भी बढ़ाई जाएंगी।

# सूने मकान में घुसे चोर नकदी और जेवर ले उड़े

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। ग्रामीण इलाके में एक सूने मकान में घुसे चोर दो लाख नकदी के साथ सोने और चांदी के जेवर ले उड़े। इधर भंवरकुंआ इलाके में किराएदार तीन छात्रों के मोबाइल और लैपटाप चुरा ले गए। पुलिस के मुताबिक चोरी की बड़ी वारदात देपालपुर क्षेत्र के ग्राम बिरगोदा के रहने वाले राधेश्याम ठाकुर (71) के मकान में हुई। उन्होंने पुलिस को बताया कि सुबह 7 बजे मेरे नौकर युवराज ने फोन से सूचना दी कि आपके घर का ताला टूटा हुआ है और घर में रखा सामान बिखरा पड़ा है मैं पत्नी राधाबाई और पुत्र योगेंद्र सिंह के साथ ग्राम बिरगोदा में घर पहुंचा तो देखा कि घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ है भीतर अलमारियों का सामान बिखरा था । अज्ञात बदमाश अलमारियों में रखे कान के टाप्स 20 ग्राम, पेडेंट 6 ग्राम,चांदी के पुराने सिक्के 10 नग,बिछुड़ी 15 जोड़ और दो लाख रूपए नकदी ले उड़े। इधर चोरी की वारदात थाना भंवरकुंआ इलाके में इंद्रपुरी कालोनी में मोनिका प्लाजा में हुई। यहां किराए के कमरे में रहने वाले फरियादी छात्र योगेंद्र खटोरे निवासी ग्राम उमरखली जिला खरगोन ने पुलिस को बताया कि वह कमरे में दोस्त युवराज पिता सुखदेव यादव निवासी अंजड और भतीजे मोहित पिता सुनील खटोरे निवासी उमरखली के साथ रहकर पढाई करता है हम पढाई करके सो गए थे सुबह 8 बजे जागे तो देखा तो हमारे दो मोबाइल और लैपटाप गायब हैं।

### दिनदहाड़े चोरी

लसूडिय़ा इलाके में दिनदहाड़े चोरी की वारदात तुलसी नगर में हो गई। पुलिस ने फरियादी सोमेश मौर्य की रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज किया है। फरियादी ने पुलिस को बताया कि चोरों ने घर का मेन गेट नीचे से तोड़ दिया था आरोपी घर में घुसे और सारा सामान बिखेर दिया। अलमारी में रखी चांदी की पायल,दो ब्रेसलेट, टाप्स,झुमकी,चांदी के चार सिक्के और नकदी 8 हजार रूपए चुरा लिए।

# छोटी के फोटो वायरल करने की धमकी, बड़ी बहन के साथ छेड़छाड़

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। भंवरकुआ में रहने वाली दो बहनों के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। जिसमें छोटी बहन से बात नही करने को लेकर रोकने पर बड़ी बहन से भी छेड़छाड़ की गई है। पूरे मामले में बड़ी बहन को धमकाया गया कि दोनो को पत्नी बनाकर साथ में रखेगा। आरोपी पीड़िता के घर के आसपास भी चक्कर लगाते रहा। पीड़ित बहन ने हिंदूवादियो से मदद मांगी। मामला बुधवार को थाने पहुंचा ओर वर्ग विशेष के युवक के खिलाफ केस दर्ज किया गया। भंवरकुआ थाने के टीआई राजकुमार यादव ने खंडवा रोड़ पर रहने वाली 24 साल की छात्रा की शिकायत फरहान पुत्र मोहम्मद इरफान खान निवासी वरगी कॉलोनी रेलवे गेट के पास नरसिंहपुर के खिलाफ छेड़छाड़ सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है। छात्रा ने बताया कि वह इंदौर में अपनी छोटी बहन के साथ रहती है। यहां दोनो पढ़ाई कर रही है। मोहम्मद इरफान नरसिंहपुर में उनके साथ स्कूल में था। इसलिये वह उसे पहचानती थी। फरवरी माह में वह दोपहर में चोइथराम मंडी की तरफ जा रही थी। तभी रास्ते में इरफान को छोटी बहन को रोकते हुए इरफान को दूर से देखा। जब वह इरफान के पास पहुंची तो बहन वहां से जा चुकी थी। पीड़िता ने बताया कि यहां इरफान को रोका ओर कहां कि बहन से दूर रहे। इस बात को लेकर इरफान ने विवाद किया। उसने इस दौरान कमर में हाथ डाला ओर बुरी हरकत कहते हुए कहने लगा कि तुम्हारी बहन से तो शादी करूगां। वही तुम्हे भी पत्नी बनाकर साथ रख लूंगा। हमारे धर्म सब जायज है। इसके बाद आरोपी ने गंदी हरकत की ओर पीड़िता को धक्का दे दिया। इसके बाद पीड़िता ने कहां कि यह सब बाते अपने परिवार को बताइएगी ओर नरसिंहपुर में उसके परिवार के लोगो से भी बात करेगी। तब इरफान ने पीड़िता का हाथ पकड़ा ओर कहां कि उसकी बहन के कुछ अश्लील फोटो उसके मोबाइल में है।

# सड़क हादसे में एक की मौत

**इंदौर**। संयोगितागंज इलाके में बुधवार देर रात दो दोस्तों को एक ऑटो रिक्शा ने टक्कर मार दी। टक्कर के बाद ऑटो ड्राइवर गाड़ी लेकर भाग गया। दोनों लडक़ों को एमवाय अस्पताल भेजा गया। यहां रात में एक की मौत हो गई। पुलिस ने मामले में ऑटो रिक्शा चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक घटना रेसीडेंसी कॉलोनी की है। यहां फैजान (18) पुत्र फिरोज खान निवासी आजाद नगर और उसके दोस्त सलमान (20) पुत्र कल्लू को मार्केट जाते समय एक ऑटो रिक्शा ने टक्कर मार दी। इस हादसे के बाद दोनों को एमवाय अस्पताल भेजा गया। यहां फैजान की मौत हो गई। वह मेडिकल पर काम करता है।

# एक करोड़ की चरस के साथ तीन गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। औद्योगिक नगरी पीथमपुर के सेक्टर एक थाना पुलिस को मंगलवार शाम एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर करोड़ों रुपए का मादक पदार्थ जब्त किया है।

जानकारी के अनुसार मुखबिर की सुचना पर पुलिस ने पीथमपुर बायपास पर घेराबंदी कर बाइक चालक और उसके साथी को पकड़ा। पुलिस ने पूछताछ और तलाशी लेने पर पाया की आरोपी जफर गाड़ी चला रहा था और उसका भाई जिब्रान स्कुल बैग लेकर पीछे बैठा था। उसके बैग से करीब 5 किलोग्राम चरस बरामद हुई, जिसकी कीमत करीब एक करोड़ रुपए है। आरोपियों पर एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर मादक पदार्थ जब्त किया। आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि चरस मानपुर से टीपु पिता अब्दुल सलीम खान (33) साल से लेकर आए। इसके बाद मानपुर से टीपु खान को पकड़ा गया, जिसने बताया कि देवास निवासी इमरान खान ने उक्त मादक पदार्थ दिया था। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। मादक पदार्थ सप्लाई करने वाले आरोपी इमरान खान निवासी देवास की तलाश में टीम रवाना की गई है। मामले में पुलिस अधीक्षक ने सराहनीय करने वाली टीम को 10,000 हजार रुपए नगद इनाम देने और सीएसपी अमित कुमार मिश्रा को भी प्रशंसा पत्र से सम्मानित करने की घोषणा की है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सेक्टर 1 पीथमपुर सन्तोष दुधी, उनि ओम प्रकाश बडोनिया, सउनि केके परिहार, प्रआर सुरज तिवारी, महेश यादव, मनीष चौहान, विजय, विशाल भटकारे, आरक्षक शैलेन्द्र सिंह भदोरिया, प्रमोद, राहुल हिरवे, प्र.आर सर्वेश सोलंकी, प्रशान्त चौहान का सराहनीय योगदान रहा।




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ मो. : 9826044334, 9111156060 ■ प्रबंध संपादक - महेन्द्र पालीवाल ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक